# बिहार विधान परिषद्

## 208वां शीतकालीन सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 28 नवम्बर, 2024

----

**[गृह - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - योजना एवं विकास - श्रम संसाधन - वित्त विभाग - वाणिज्य कर - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - परिवहन - जल संसाधन - लघु जल संसाधन - समाज कल्याण - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण ].**

**कुल प्रश्न 36**

----

### गाद- प्रबंधन नीति

***89 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नेपाल से आने वाली कोशी नदी में अत्यधिक गाद के कारण नियमित बाढ़ आपदा से तटबंध की मरम्मती और उसके रख रखाव तथा निर्माण पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आपदा के कारण सरकार को बाढ़ से प्रभावित एवं पीड़ितों को मुआवजा देने में भी अरबों रुपए खर्च होता है और लाखों लोगों को इसके कारण विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि पुराने बराज की क्षमता पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि इसकी आयु तकनीकी रूप से समाप्त हो चुकी है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त बाढ़ त्रासदी को रोकने हेतु लोकहित में "गाद प्रबंधन नीति" लाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## लाभुक बच्चों को पोषाहार देने की जो व्यवस्था

*90 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)क्या यह सही है कि राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभुक बच्चों को पोषाहार देने की जो व्यवस्था है उसमें मेन्यू में कटौती और पोषाहार की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है;

(ख)क्या यह सही है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को भी कुपोषण से बचाने के लिए दी जाने वाली "टेक होम राशन" यानी टी0एच0आर0 में भी कटौती की जा रही है;

(ग) यदि उपयुक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषाहार और राशन किसी अन्य माध्यम से देने का विचार रखती है,यदि हां तो कब तक,नही तो क्यो ?

----

## पसहा नदी के गाद की सफाई

*91 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी जिला अंतर्गत नेपाल से निकलने वाली पसहा नदी आदापुर छौड़ादानों प्रखंड होते हुए मोतिहारी में नौरंगिया पंचायत के पास सिकरहना नदी में मिल जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि यह नदी गाद से भर चुकी है जिससे वर्षाकाल में नेपाल से आनेवाली इस पसहा नदी के पानी से लगभग 50 पंचायतों की फसल नष्ट हो जाती है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में पसहा नदी के गाद की सफाई शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

## आईकॉनिक पार्क विकसित

***92 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों में एक आईकॉनिक पार्क विकसित करने का निर्णय लिया है जिसमें जैव विविधता का समावेश रहेगा ;

ख) क्या यह सही है कि इसके तहत औरंगाबाद जिला में 48 एकड़ में 6.5 करोड़ रुपए की लागत से आईकॉनिक पार्क बन गया है तथा कैमूर में 10 करोड़ की लागत से एवं गया में 120 हेक्टेयर में इसके निर्माण की योजना तैयार है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्य जिलों में जैव विविधता आधारित विशिष्ट पार्क निर्माण के संबंध में अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नही तो क्यो ?

----

## स्लुइस गेट का निर्माण

***93 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के चानपुरा में बांध निर्माण 1982 में कराया गया, चानपुरा रिंग बांध का निर्माण किया गया और 2014 में इसका विस्तार भी किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि इस रिंग बांध में माधोपुर में स्लुइस गेट का निर्माण नहीं किया गया जिससे पानी का बहाव रुक गया है और चानुपुरा धनुषी, रजबा टोला, माधोपुर रिंग बांध की सुरक्षा हेतु बहाव भी रुक गया है;

(ग) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चानपुरा रिंग बांध में माधोपुर में स्लुइस गेट का निर्माण एवं 2014 में इस बांध के विस्तार के क्रम में 1982 में बने बांध से रेगिंग कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बकाया मानदेय का भुगतान

***94 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के बाल विकास परियोजना जिरादेई में पदस्थापित अमृता कुमारी, कार्यपालक सहायक मातृत्व अवकाश पर अक्टुबर 2022 से फरवरी 2023 तक थी;

(ख) क्या यह सही है कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जिरादेई ने कार्यपालक सहायक जिरादेई के मातृत्व अवकाश के वेतन भुगतान के लिए ज्ञापांक – 1177 दिनांक 22.6.2023 को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सिवान को पत्र लिखा था एवं डी.पी.ओ. सिवान अग्रतर कार्रवाई के लिए आई.सी.डी.एस. निदेशालय पटना को पत्र लिखा है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो सका;

(ग) क्या यह सही है कि कार्यपालक सहायक का भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है;

(घ) यदि उपरोक्त खडें का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार श्रीमती अमृता कुमारी का सभी बकाया मानदेय का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## गाईड बांध का निर्माण

***95 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले का मरौना एवं निर्मली प्रखंड की लाखों की आबादी प्रत्येक वर्ष मॉनसून के समय कोसी नदी के बाढ़ के आसन्न खतरे से भय के साये में जीने पर मजबुर है;

(ख) क्या यह सही है कि इस वर्ष कोशी नदी पर स्थित सुपौल के वीरपुर बराज से रिकार्ड 6.5 लाख क्यूसेक जल निःसरण किया गया तथा पश्चिमी कोसी तटबंध 30 सितम्बर 2024 को टूट गई। जान माल का बड़ा नुकसान हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सुपौल जिले के मरौना एवं निर्मली प्रखंड की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए कोसी महासेतु से मंगा सिहौल परसौनी (मरौना का गनौरा पंचायत) तक गाईड बांध के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों नहीं?

----

## सिंगल युज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

***96 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य मे राज्य सरकार ने सिंगल युज प्लास्टिक के लिए 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंध लगायी है लेकिन इसके उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन तत्पर नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में सिंगल युज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी इसका

उपयोग पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हों रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण वन्य जीव जंतुओं और मानव के जीवन पर बुरा प्रभाव डालता है ;

(ग ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार सिंगल युज प्लास्टिक को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाएगी , नहीं तो क्यों ?

----

## कोईलवर राजवाहा नहर में पानी उपलब्ध कराने हेतु

*97 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत सोन नहर प्रणाली से निसृत कोईलवर राजवाहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कोईलवर राजवाहा नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँचने के चलते संदेश एवं कोईलवर प्रखण्ड के किसानों को अपने खेतों की सिचाई में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर राजवाहा नहर के अंतिम छोर तक शीघ्र पानी उपलब्ध करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## नहर की मरम्मत एवं सफाई

*98 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत स्थित प्रखण्ड- हुलासगंज में अनेक पंचायतों चिरी] भारथु] तीरा] आदि से निकलने वाली नहर की स्थिति खराब एवं गंदगी से भरा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि कई पंचायतों के किसान कृषि कार्य इसी नहर के द्वारा अपने खेतों में पानी की आपूर्ति करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार जिला- जहानाबाद] प्रखण्ड- हुलासगंज में अनेक पंचायतों चिरी] भारथु] तीरा आदि से गुजरने वाली हर नहर की मरम्मत एवं सफाई कराना चाहती है,यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्लूइस गेट का पुनर्निर्माण

*99 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है समस्तीपुर जिले के समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर एवं मोरदिबा पंचायत के सिमान पर बूढी गंडक नदी के किनारे बनी हुई स्लूइस गेट क्षति ग्रस्त है ;

(ख) क्या यह भी सही है की उपर्युक्त खंड 'क' में वर्णित स्लूइस गेट से वर्ष 2023 में बूढी गंडक नदी के जल स्तर बढ़ने से रिसाव हुआ था;

(ग) यदि उपर्यूक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस स्लूइस गेट का पुनर्निर्माण कराना चाहती हैं ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यो ?

----

## चेक डैम का निर्माण

*100 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रोह प्रखंड अंतर्गत ग्राम भीखमपुर के दक्षिण ओर दो पहाड़ स्थित है जिसका चैड़ाई लगभग 600 फीट है ;

(ख) क्या यह सही है कि इन दोनो पहाड़ो के बीच चेक डैम निर्माण होने से रोह प्रखंड के दस पंचायतों के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल जायेगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार किसानों के हित में ग्राम भीखमपुर के दक्षिण ओर दो पहाड़ो के बीच चेक डैम निर्माण करवाना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## वृक्षों की सूची की उपलब्धता

*101 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क ) क्या यह सही है कि वन विभाग द्वारा बगैर अनुमति के वृक्ष काटना व नुकसान करना दंडनीय अपराध है ;

(ख ) क्या यह सही है कि कुछ प्रजातियों के वृक्ष काटने हेतु वन विभाग द्वारा अनुमति की आवश्यकता नहीं है ;

(ग ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन वृक्षों की सूची जिसे बगैर अनुमति के काटा जा सकता है, सदन को उपलब्ध करा सकती है, यदि हाँ तो

कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र का स्थापन

*102 **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही हैं कि गया जिले के प्रखंड- नीमचक बथानी के तेलारी पंचायत में दो राजस्व ग्राम यथा ग्राम- तेलारी एवं घनसुरा अवस्थित हैं ;

(ख) क्या यह सही हैं कि ग्राम- तेलारी के प्रत्येक टोले में कुल मिलाकर 16 आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये हैं, परन्तु ग्राम- घनसुरा के किसी टोले में एक आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित नहीं हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेलारी पंचायत के ग्राम- घनसुरा में बच्चों के लाभार्थ यथाशीघ्र आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## चालान शुल्क लगाने पर विचार

*103 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जमीन रजिस्ट्री में 5 डिसमिल से कम जमीन रहने पर बासकित (आवासीय) में चालान जमा करना होता है;

(ख) क्या यह सही है कि चौर (दहनाल जमीन) में भी 5 डिसमिल से कम रहने पर बासकित (आवासीय) में चालान जमा करना होता है;

(ग) क्या यह सही है कि चौर (दहनाल जमीन) में भी बासकित (आवासीय) में चालान लगने से आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन के अनुसार चालान शुल्क लेने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## मृतक के परिजनों को सहायता राशि एवं अन्य लाभ

*104 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना में मेट्रो प्रोजेक्ट का कार्य विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया

जा रहा हैं जिसमें निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण की प्रकिया में सेफ्टी अरेंजमेंट का पालन नहीं किया जा रहा ;

(ख) क्या यह सही है कि भारत सरकार द्वारा 01 अक्टूबर को घोषित न्यूनतम मजदूरी का लाभ एवं मजदूरों को पी०एफ० कटौती तथा दुर्घटना में मारें गए मजदूरों के परिजनों को उचित और कानून सम्मत मुआवजा नहीं मिल रहा हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के जमुई जिला के मृत मजदूर श्याम राम के परिजन को सरकार की ओर से कोई सहायता राशि नहीं मिली हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मृत मजदूर श्याम राम के परिजन को मुआवजा राशि दिलाना चाहती हैं, तथा सेफ्टी अरेंजमेंट का पालन एवं न्यूनतम मजदूरी का लाभ, पी०एफ० सुविधा तथा दुर्घटना में मृतक के परिजनों को कानुन सम्मत मुआवजा का लाभ देना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पत्थर/बोल्डर का उपयोग

*105 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)क्या यह सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमण्डल के तिनटंगा दियरा एवं कहलगांव अनुमण्डल के एकचारी दियरा में गंगा नदी के कटाव पर बाँध बनाने के लिए पत्थर/बोल्डर की जगह पर बालु का जी०ओ० बैग का उपयोग करने की योजना हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द्वारा जी०ओ० बैग के जगह पर पत्थर/बोल्डर का उपयोग करवाना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## वित्तीय सहायता प्रदान

*106 **श्री सैयद फैसल अली (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में पानी की कमी है;

ख) क्या यह सही है कि दक्षिण बिहार में जल निकायों के पुनरुद्धार के लिए ठोस योजना तैयार करने की जरूरत है;

ग) यदि उपर्युकत खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तों क्या सरकार प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई (पी०एम०के०एस०वाई०) योजना के तहत दक्षिण बिहार के जल निकायों के पुनरुद्धार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजना

चाहती हैं, यदि हां तो कबतक ?

----

## प्रदूषन से निजात

*107 **श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)क्या यह सही है कि इस वर्ष दिवाली के बाद बिहार के प्रमुख शहरों का ए०क्यु०आइ० स्तर में बदलाव आया हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस वर्ष ठंड में प्रदूषण से निजात पाने के लिए कोई योजना बनाना चाहती हैं, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## भ्रस्ट कर्मियों एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*108 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि जुलाई 2024 में उन्नाव, उत्तर प्रदेश में बस सं० UP95T-4729 के अनियंत्रित होकर दूध कंटेनर में टकराने के कारण 18 निर्दोष लोगों का दुखद मौत हो गया था;

(ख) क्या यह सही है कि दुर्घटना के दिन उक्त बस का फिटनेस, रोड टैक्स, परमिट, इंट्री टैक्स तथा बीमा अद्यतन नहीं था, जबकि उक्त वाहन बलथरी चेक पोस्ट, गोपालगंज से हो कर गुजरा था और वाहन का परिचालन स्टेज कैरेज के तौर पर किया जा रहा था ;

(ग) क्या यह सही है कि बलथरी चेक पोस्ट, गोपालगंज में कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों के मिली-भगत से अवैध धनार्जन हेतु बिना किसी अद्यतन कागजात के ही उक्त बस का परिचालन महीनों से किया जा रहा था ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बलथरी चेक पोस्ट, गोपालगंज में कार्यरत भ्रस्ट कर्मियों एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## दोषियों पर कार्रवाई

*109 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत असंगठित निबंधित श्रमिक को

सन्निनिर्माण कल्याण वोड अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा कन्या विवाह हेतु 50 हजार, दुर्धटना में मृत व्यक्ति के परिवार को 2 लाख के राषि सहायता के रूप में दी जाती हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के प्रखंड बगहा 01, बगहा 02, रामनगर, मधुबनी, पिपराषी, भिथहा एवं ठकराहां के लाभुको की राशि प्राप्त होने के बाद विचौलिया द्वारा उस राशि में से दलाली लिया जाता हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग द्वारा जांच टीम गठित कर जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई कराना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## नदी की साफ-सफाई

*110 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के पानापुर प्रखंड अंतर्गत रसौली से मढ़ौरा तक डबरा नदी की उड़ाही का कार्य विगत 60 वर्षो में कभी नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के बार-बार आवश्यक दिशा निर्देश के बावजूद भी कोई ठोस कारवाई नहीं हो पा रही है ;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार की नाकामी के कारण प्रत्येक वर्ष आमजन एवं किसान भाइयों को बाढ़ का शिकार होना पड़ रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी की साफ-सफाई करा कर लोगों को बाढ़ जैसी आपदा से बचाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*111 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तगर्त नीमचक बथानी प्रखंड के ग्राम बथानी की कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण यह कब्रिस्तान जानवरों का चारागाह बन गया है;

(ख) यदि उपर्युकत खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उकत कब्रिस्तान की घेराबंदी कराना चाहती है , यदि हां तो कब तक ,नहीं तो क्यो ?

----

## सार्वजनिक कुआँ का पुनरूद्धार

*112 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखण्ड के नगर पंचायत सिंहवाड़ा के वार्ड-10 के खुर्द मनिहास गाँव में जामा मस्जिद के निकट सदियों पुराना एक सार्वजनिक कुँआ था, जिससे नमाजियों तथा गाँव के समस्त लोगों द्वारा पानी निकाल कर उपयोग किया जाता था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कुँआ पर दबंग ,एवं असामाजिक प्रवृति के व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर उसके ऊपर पक्का घर बना लिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सार्वजनिक कुँआ का विवरण पुराना नक्शा में मौजे सिंहवाड़ा, थाना न०-98, अंचल-सिंहवाड़ा, पुराना खेसरा न०-6902, नया खेसा ज०-9931/10744 तथा कुँआ का नया न०- 9944, रकबा चबूतरा सहित लगभग 10 मीटर गोलाई दर्शाया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पूरे राज्य के सभी जल स्त्रोतों के साथ उक्त सार्वजनिक कुआँ को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पुनरूद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यो?

----

## वृक्ष के टहनी को कटवाना

*113 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पटना जिलार्न्तगत फुलवारी अंचल के आदर्श नगर, रोड 3 में श्री प्रनोल कुमार के निजी मकान में एक विशाल आम का वृक्ष है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पेड़ के फैले शाखाओं से आस-पास के लोगों को काफी परेशानी होती है एवं तनाव का माहौल रहता है, किसी समय बिजली के तार गिरने से भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विभागीय स्तर पर उस जटिल वृक्ष के टहनी को यथाशीघ्र कटवाना चाहती है, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा भुगतान में देरी

***114 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सड़क दुर्घटना में मृत / घायल के पीडि़तों को बिहार मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के आदेश के बावजूद बीमा कंपनियां समय से मुआवजा भुगतान नहीं कर रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि मुआवजा भुगतान में देरी होने से पीड़ित परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मुआवजा भुगतान में हो रही देरी के कारणों एवं परेशानियों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्रवाइ करना चाहती है यदि हां तो कब तक,नही तो क्यो ?

----

## भूमि अधिग्रहण कर सड़क का निर्माण

***115 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के नागदह RWD पथ से स्वास्थ्य उप केन्द्र तक सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित होना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि वहां की गरीब जनता की आबादी अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति से है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## किसानों तथा पशुपालकों के हित में ऋण वितरण

***116 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गव्य और मछलीपालन के विकास में राज्य में बैंक अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे हैं जिसके कारण गव्य विकास में मात्र 14.17 प्रतिशत, गव्य विकास (के.सी.सी.) में 23.90 प्रतिशत, मत्स्यपालन में 3.2 प्रतिशत, कुक्कुट पालन में 2.41

प्रतिशत, कृषि यांत्रिकीकरण में 29.53 प्रतिशत तथा भंडारण में मात्र 12.19 प्रतिशत ही ऋण वितरित किया जा सका है;

(ख) क्या यह सही है कि वित्त विभाग ने बैंकों के साथ बैठकों में भी यह सवाल उठाया है, लेकिन ऋण वितरण की स्थिति में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ने राज्य के किसानों तथा पशुपालकों के हित में बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण हेतु प्रेरित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाया है तथा सहयोग नहीं करनेवाले बैंकों पर सरकार क्या कार्रवाई करेगी ?

----

## भूमि किसानों को वापस करने पर विचार

*117 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

कृया मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि बेगुसराय जिला के मंझौल एवं बखरी अनुमंडल क्षेत्र मे कावर झील वन्य पक्षी अभ्यारण है यहां के 10 ग्रामों के लगभग 15589 एकड़ 67 डी० (6311.63 हेक्टेयर) पक्षी विहार आश्रयणी एवं वन क्षेत्र हेतु अधिसूचित है ;

(ख ) क्या यह सही है कि कावर झील पक्षी विहार आश्रयणी महामहिम राज्यपाल के द्वारा गजट अधिसूचना एस० ओ 781 दिनांक 20/06/1989 के द्वारा अधिसूचित कर कावर झील पक्षी विहार आश्रयणी मे अंकित प्लॉट की जमीन के निबंधन पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के आलोक मे रोक लगाया गया है ;

(ग ) क्या यह सही है कि वर्ष 2015 मे कावर झील पक्षी विहार आश्रयणी अंतर्गत आश्रयणी क्षेत्र हेतु आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र 2676.75 हेक्टेयर चिन्हित किया गया है ;

(घ ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी 6311.63 हेक्टेयर मे से 2676.75 हेक्टेयर भूमि पक्षी अभ्यारण के उपयोग की भूमि को छोड़कर शेष भूमि किसानों को वापस करने का विचार रखती है जिससे किसान अपने भूमि का खरीद बिक्री कर सके , यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सिटी बस सेवा का विस्तारीकरण

*118 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

कृया मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पटना गांधी मैदान एवं पटना जंक्शन से ईएसआईसी अस्पताल

बिहटा तक सिटी बस सेवा का प्रतिदिन परिचालन होता है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में भोजपुर जिला के कोइलवर में स्थित बिहार के इकलौते मानसिक आरोग्यशाला अस्पताल में आने-जाने के लिए पटना से कोई भी सीधी बस सेवा की सुविधा नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सिटी बस सेवा का विस्तारीकरण कोइलवर तक कर दिए जाने से राज्य के बिभिन्न स्थानों से मानसिक आरोग्यशाला अस्पताल कोइलवर आने-जाने में मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी?

(घ ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यापक जनहित में पटना गांधी मैदान एवं पटना जंक्शन से ईएसआईसी अस्पताल बिहटा तक वर्तमान में परिचालित सिटी बस सेवा का विस्तारीकरण कोइलवर तक करने का विचार रखती है,यदि हाँ तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा

*119 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क ) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों में सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण कराया गया है, जिसमें छात्र रहकर अध्ययन करते है ;

(ख ) क्या यह सही है कि उक्त छात्रावासों के कैम्पस में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा नहीं लगा हुआ है ;

(ग ) यदि उक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उन सभी छात्रावासों में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का आदमकद प्रतिमा लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन में छूट

*120 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार )ः**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत इलेक्ट्रिक वाहन एवं सभी प्रकार के हाइब्रिड वाहन पर रजिस्ट्रेशन में सरकार द्वारा छूट दी जा रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड

गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन कर में पूरी तरह छूट हैं;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार में इलेक्ट्रिक वाहन में तो छूट मिल रहा है किंतु हाइब्रिड गाड़ियों में छूट नहीं दिया जा रहा है जैसा कि बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2023 के द्वारा पेज नम्बर-02 क्रम संख्या-06 पर अंकित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों पर अपने पड़ोसी राज्य के बराबर रजिस्ट्रेशन कर में छूट देना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नही तो क्यों?

----

## प्रदूषण नियंत्रण

*121 **श्री सैयद फैसल अली(विधान सभा) :**
**प्रो. संजय कुमार सिंह(तिरहुत शिक्षक) :**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार देश भर में सबसे अधिक प्रदूषित शहर हाजीपुर, दूसरे स्थान पर चंडीगढ़ और तीसरे स्थान पर पटना है ;

(ख) क्या यह सही हैं कि देश भर के शीर्ष छह प्रदूषित शहरों में बिहार के चार शहर शामिल हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रदूषण को रोकने या कम करने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करना चाहती है ?

----

## सलुइस गेट का निर्माण

*122 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत गोपालगंज प्रखण्ड में यादवपुर, मंगलपुर एप्रोच पथ का निर्माण किया गया है जिसके कारण बरसात के पानी एवं इस क्षेत्र में बहने वाले छाडन नदी के पानी का बहाव बंद हो गयाा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त एप्रोच पथ एवं अहिरौली दान मंगलपुर बांध बन जाने से उपरोक्त क्षेत्रों का जल निकासी गण्डक नदी में नहीं हो पा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि इन क्षेत्रों में जल-जमाव से 6 पंचायत के हजारो एकड़ जमीन पर फसल नष्ट हो रहा है, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित है ;

(घ) क्या यह सही है कि अहिरौली दान बांध में जल संसाधन विभाग द्वारा सुलईस गेट का निर्माण कराया गया है जो उचाई वाले स्थान पर होने के कारण पानी की निकासी नहीं कर पा रहा है ;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जल निकासी के लिए एप्रोच पथ में सलुइस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## करहा को अतिक्रमण मुक्त

*123 **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही हैं कि भोजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत- कुरमुरी, थाना- सिकरहटा, प्रखंड- तरारी, सरकारी करहा अनावाद सर्व साधारण में अधिसूचित हैं, जिसका मौजा- कुरमुरी, थाना- 199, खाता- 947, खेसरा- 4941, रकबा- 0.15 डिसमल हैं ;

(ख) क्या यह सही हैं कि स्थानीय मुखिया द्वारा उक्त सरकारी करहा में बिना विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए मिट्टी भरवाकर रास्ता का निर्माण कराया जा रहा है जो कि न्यायोचित नहीं हैं ;

(ग) क्या यह सही हैं कि खण्ड 'क' में वर्णित करहा द्वारा सैकड़ों बीघे खेतों की सिंचाई होती हैं, इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, आरा ने भी अपर समाहर्त्ता (लो० शि० नि०), भोजपुर सह प्रथम अपीलीय प्राधिकार को अपने जांच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि पूर्व में ग्रामीणों द्वारा आस पास के खेतों का पटवन किया जाता था ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों व सिंचाई की समस्या के दृष्टिगत उक्त सरकारी करहा को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए खेतों की सिंचाई के लिये पुनः उपयुक्त बनाना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## गृह रक्षा वाहिनी की बहाली

*124 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2011 में विज्ञापन सं० 2/2011 में बिहार सरकार ने सम्पूर्ण बिहार के लिए ग्यारह हजार एक सौ बाईस स्थानों के लिए गृह रक्षा वाहिनी (होम

गाड्‌र्स) पद पर बहाली हेतु रिक्तियाँ निकाली थी ;

(ख) क्या यह सही है कि करीब 12 वर्ष बाद 2023 में गृह रक्षा वाहिनी के (होम गाड्‌र्स) पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें बगहा पुलिस जिला में 294 रिक्त स्थानों में से 218 की ही बहाली हुई एवं 76 सीट अभी भी रिक्‌त है जबकि 125 सफल अभ्यर्थी बगहा पुलिस जिला में हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्‌त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्‌या सरकार सफल हुए 105 अभ्यर्थियों में से 76 सीट पर बहाली करना चाहती हैं , यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्‌यो?

----

**पटना- 800015.**
**28 नवम्बार, 2024.**

**अखिलेश कुमार झा,**
**सचिव, बिहार विधान परिषद्**